THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION (SHRI KRISHNA KUMAR GOYAL) Details of quantity of Sugar exported and foreign exchange earned during the last three years are—

Year	Qty. exported (Lakh MT)	Foreign exchange earned (Rs. crores)
1974-75	6·21	312·78
1975-76	11·88	464·13
1976-77	5 80	151·68
1977-78 (April-November)	0·45	10·43

बिरला परिवार द्वारा संचालित उद्योग पर बकाया कर

831. श्री हुकम देव नारायण यादव : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) बिरला परिवार द्वारा संचालित सभी उद्योगों पर अब तक कुल कितना कर बाकी है और यह किस किस मद का है ,

(ख) बिडला परिवार के उन सदस्यों के नाम क्या है जिन पर आय कर की राशि बकाया है तथा प्रत्येक मामले में यह राशि कितनी है तथा सरकार का उनसे बकाया राशि वसूल करने के लिए क्या कार्यवाही करने का विचार है ; और

(ग) क्या सरकार का विचार देश के कानून के अन्तर्गत उनके विरुद्ध कार्यवाही करने का है ?

वित्त तथा राजस्व और बैंकिंग मंत्री (श्री एच० एम० पटेल) : (क) और (ख). सूचना एकत्र की जा रही है और सदन-पटल पर रख दी जायगी।

(ग) बकाया रकमों की वसूली के लिये, जहां कहां आवश्यक होगा, कानून में की गई व्यवस्था के अनुसार कार्यवाही की जायगी।

फूलपुर, इलाहाबाद स्थित आई०एफ०एफ० सी०ओ० फैक्टरी में उर्वरकों का उत्पादन

832. श्री तेज प्रताप सिंह : क्या वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) फूलपुर स्थित आई०एफ०एफ० सी०ओ० फैक्टरी में किस-किस किस्म के उर्वरक का उत्पादन करने का विचार है और उनका प्रतिदिन कितना उत्पादन होगा; और

(ख) उसमे कुल कितनी पूंजी लगायी जाएगी तथा कौन-कौन से देश उस फैक्टरी मे धन लगायेंगे तथा प्रत्येक देश द्वारा कितना धन लगाया जाएगा ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण कुमार गोयल) : (क) यूरिया के विनिर्माण के लिये 1500 मीटरी टन की प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता का संयत्र लगाया जा रहा है।

(ख) इस परियोजना की अनुमानित लागत 167.77 करोड़ रुपये है, इस धनराशि में से विदेशी मुद्रा की सम्पूर्ण आवश्यकता अर्थात 98.10 करोड रुपये इन्टरनेशनल बैंक फार रिकस्ट्रक्शन एण्ड डिवेलपमेन्ट (विश्व बैंक) द्वारा पूरी की जाएगी, शेष 69 67 करोड रुपये सहकारी समितियों तथा भारत सरकार द्वारा अंशपूंजी में भाग लेकर और इफको के अपने आन्तरिक स्रोतों से जुटाई जायेंगे ।